This question paper contains **3** printed pages]

G—313—2018

FACULTY OF ARTS

M.A. (Second Year) (Fourth Semester) EXAMINATION

NOVEMBER/DECEMBER, 2018

HINDI

Paper XVI

[दलित विमर्श (भाग-2)]

(Tuesday, 4-12-2018) **Time : 2.00 p.m. to 5.00 p.m.**

Time—3 *Hours* *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(अ) "हमारे तो न जागने का पता चलता है और न सोने का। लगता है हम सभी यंत्र हैं। कोई चाबी देता है। हम कुड़कने, फुदकने लगती हैं। चाबी खतम हो जाती है तो हमारे भीतर कुछ शेष नहीं बचता। केवल परछाई की तरह जीवन हो जाता है।" 10

अथवा

"आदमी का इरादा पक्का होना चाहिए। हिम्मत और लगन होनी चाहिए। तुम होनहार हो। तुम सब बाधाएँ पार कर जाओगे।"

(आ) "तुम लोग अखबार को अब हथियार की तरह इस्तेमाल करने लगे हो। अरे अखबार निकालो। किसने मना किया, पर सरकारी अधिकारियों का जुलूस तो मत निकालो। याद रखो, समाज तुम्हारे अखबार से नहीं बदलता। समाज के बदलने की अपनी एक प्रक्रिया है।" 10

अथवा

"एक ओर उसके शरीर से खिलवाड़ हो रहा था। दूसरी ओर उसका बच्चा निर्जीव सा पड़ा था। कैसी विवश माँ है वो ...... अपनी अस्मत लुटाकर भी बचा नहीं पा रही थी।"

P.T.O.

6D7FBE57ACC50762E61E7F819BD74007

2. दलित साहित्य की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

दलित चेतना का राजनीतिक रूप विशद कीजिए।

3. "'आज बाजार बंद है' उपन्यास खोई हुई अस्मिता की तलाश में संघर्ष करती राष्ट्र की बेटियों के जीवन के हर पहलू को सशक्तता के साथ उजागर करता है" — समझाइए। 15

अथवा

"'मेरा बचपन मेरे कंधों पर' आत्मकथा भूख, मुक्ति, छुआछूत तथा वर्णव्यवस्था पर आधारित सामाजिक उत्पीड़न और अमानवीयता भरे भयावह कर्मकांड से मुक्ति की गाथा है" — स्पष्ट कीजिए।

4. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) 'आज बाजार बंद है' का सुमित 5

अथवा

'द्रोणाचार्य एक नहीं है' का सुवास।

(आ) 'आज बाजार बंद है' उपन्यास में चित्रित वेश्या जीवन 5

अथवा

'मेरा बचपन मेरे कंधों पर' आत्मकथा में लेखक के बचपन के अनुभव।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

(*i*) दलित साहित्यकार के रूप में माताप्रसाद के योगदान को स्पष्ट कीजिए।

(*ii*) दयानंद बटोही के साहित्य का परिचय दीजिए।

(*iii*) दलित साहित्य में कौशल्या बैसंत्री के योगदान को रेखांकित कीजिए।

(*iv*) सूरजपाल चौहान का जीवन परिचय दीजिए।

6. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'भीम शतक' प्रबंध काव्य के रचयिता कौन हैं ?

(*ii*) दयानंद बटोही का जन्म कब हुआ ?

6D7FBE57ACC50762E61E7F819BD74007

(*iii*) कौशल्या बैसंत्री महाराष्ट्र के किस शहर में रहती थी ?

(*iv*) 'प्रयास' किसका काव्य-संग्रह है ?

(*v*) 'राजमार्ग पर गोलीकांड' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'वीरांगना झलकारीबाई' के नाटककार .... हैं।

(*ii*) दयानंद बटोही ने हिंदी में .... इस विषय पर पी-एच.डी. उपाधि प्राप्त की है।

(*iii*) हिंदी की पहली दलित स्त्री आत्मकथा .... है।

(*iv*) .... सूरजपाल चौहान की आत्मकथा है।

(*v*) 'आधे पर अंत' यह .... का कहानी-संग्रह है।

6D7FBE57ACC50762E61E7F819BD74007